**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1371**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)**

**बढ़ती बेरोजगारी और नियुक्तियों की धीमी प्रक्रिया**

**1371. श्री रामजी लाल सुमन:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 18 से 40 वर्ष की आयु के बीच के बेरोजगार युवाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है**;**

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान अब तक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में पूर्णकालिक रोजगार प्रदान करने का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है**;**

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और सूचना का स्रोत क्या है**;** और

(घ) वर्तमान में देश में बेरोजगारी दर क्या है और विगत पांच वर्षों में बेरोजगारी दर में वर्ष-वार हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है **?**

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क): रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किया जाता है, जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15-29 आयु वर्ग के युवाओं की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2017-18 में 17.8% से घटकर वर्ष 2023-24 में 10.2% हो गई है।

(ख): नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का सार्वजनिक और निजी क्षेत्र सहित रोजगार को दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), वर्ष 2019-20 में 50.9% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2% हो गया है।

(ग): नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का सार्वजनिक और निजी क्षेत्र सहित रोजगार को दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2019-20 में 53.3% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 62.1% और शहरी क्षेत्रों में इसी अवधि में 45.8% से बढ़कर 49.4% हो गया है।

(घ): नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2017-18 में 6% से घटकर वर्ष 2023-24 में 3.2% हो गई है।

विस्तृत राज्यवार, वर्षवार और ग्रामीण/शहरी रोजगार संकेतक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में उपलब्ध हैं, जिन्हें https://www.mospi.gov.in/download-reports?main_cat=ODU5&cat=All&sub_category=All पर देखा जा सकता है।

*****